**दिनांक 22.01.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय खगड़िया में जिला स्तरीय सहकार भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री नवल किशोर प्रसाद,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, भागलपुर। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री मुक्ति नारायण,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, खगड़िया। | - | **सदस्य** |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - जिला मुख्यालय खगड़िया में जिला स्तरीय सहकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹417.07 लाख (अपर सचिव, सहकारिता विभाग का ज्ञापांक-475 दिनांक-11.02.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹ 3,12,10,200/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1383(नि0) अनु0 दिनांक-22.08.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 3,08,33,170/- |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 3,98,99,617/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-017931(भ0) 25-26 दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक-25.11.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 20.11.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 12.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 31.12.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 01.01.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | -(1) मे0 बिनोद कुमार, बिश्वनाथ नगर रोड नं0-2, बेगुसराय।<br>(2) भगवान प्रसाद साह, पिरपैंती, भागलपुर।<br>(3) यादव अजित सिंह, शंकरपुर, मुफ्सिल, मुंगेर।<br>(4) संजय कुमार, विद्यार्थी टोला, खगड़िया। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में एकमात्र सफल निविदाकार होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 28.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड

किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जाँच किया गया है, जाँचोपरांत निम्नवत पाया गया:

**प्रथम निविदाकार** मे0 बिनोद कुमार, बिश्वनाथ नगर रोड नं0-2, बेगुसराय द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्त एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अंतर्गत मांगी गयी (1) विद्युतीकरण कार्य (45.33 Lac) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹31.72 लाख) पायी गयी। (2) फायर फाईटिंग (6.9 Lac) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹36,979/-) पायी गयी, साथ ही उक्त दोनों मद के संबंध में सबकॉन्ट्रैक्टर से संबंधित शपथ-पत्र अपलोडेड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड़ में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** भगवान प्रसाद साह, पिरपैंती, भागलपुर द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जाँचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** यादव अजित सिंह, शंकरपुर, मुफ्सिल, मुंगेर द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्त एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अंतर्गत मांगी गयी (1) पी0एच0 कार्य (3.5 Lac) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि अंकित नहीं पायी गयी। (2) विद्युतीकरण कार्य (45.33 Lac) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹15,23,553/-) पायी गयी, साथ ही विद्युतीकरण कार्य हेतु सबकॉन्ट्रैक्टर का कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र के स्थान पर भुगतान प्रमाण-पत्र अपलोड पाया गया जिसे समिति द्वारा मान्य नहीं किया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** संजय कुमार, विद्यार्थी टोला, खगड़िया द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जाँचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से दो निविदाकार को **"रिसपान्सिव"** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपान्सिव"** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में, सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) भगवान प्रसाद साह, पिरपैंती, भागलपुर (2) संजय कुमार, विद्यार्थी टोला, खगड़िया को सफल (3) मे0 विनोद कुमार, बिश्वनाथ नगर रोड नं0-2, बेगुसराय (4) यादव अजीत सिंह, शंकरपुर, मुफस्सिल, मुंगेर को असफल घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-28.01.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/-<br>(मुक्ति नारायण)<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, खगड़िया। | ह0/-<br>(नवल किशोर प्रसाद)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, भागलपुर। | ह0/-<br>(मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0),<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-04-50/2025...309(S)... पटना/दिनांक...22/01/2026

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।